# लुधियाना में ऑटो एजेंसियों का घपला: टीसी नंबर लगा घुमा रहे डेमो कार, अप्लाइड फॉर लगा बेच रहे वाहन

सुनील शिंगार/मनिंदर सिंह
लुधियाना | समर न्यूज़

लुधियाना में ऑटो मोबाइल एजेंसियां ट्रांसपोर्ट विभाग की आंखों में धूल झोंकने से बाज नहीं आ रही। यह एजेंसियां वाहनों पर टीसी (ट्रेड सर्टिफिकेट) और एएफ (अप्लाइड फॉर) लिख नियमों को धड़ल्ले से तोड़ रहे हैं।

यह एजेंसियां ट्रेड सर्टिफिकेट वाले नंबर को डेमो कार पर लगाकर घूम रहे हैं तो नए वाहन बेचने के समय उस पर परमानेंट नंबर लगाने की बजाय अप्लाइड फॉर लिखकर सड़कों पर उतार रहे हैं। ऐसे ही कई वाहन आप रोजाना ही सड़कों पर दौड़ते हुए देख सकते हैं। जबकि टीसी और एएफ लिखकर वाहनों को सड़क पर उतरने और उसमें सवारियां बिठाने का कोई नियम ही नहीं है।

ऑटोमोबाइल एजेंसियां किसी भी नियम को मानने को तैयार नहीं है और वह अपना फायदा करने के लिए हर नियम को तोड़ रहे हैं जबकि विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

### वाहनों पर एएफ लिख भी कंपनियां विभाग ओर सुरक्षा को दिखा रहे ठेंगा




*वाहन पर एएफ यानि कि अप्लाइड फॉर लिखने का कोई नियम है ही नहीं। कंपनियां अपने निजी फायदे के लिए वाहनों को बेचते समय उस पर अप्लाइड फॉर लिख देते हैं। वैसे तो तकरीबन 13 साल पहले ट्रांसपोर्ट विभाग ने नियम जारी कर दिया था कि हर वाहन को सड़क पर उतरने से पहले उस पर नंबर लगाया जाए। कई सालों तक तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा। लेकिन बीते दो से तीन सालों में इस नियम को भी दरकिनार कर दिया गया। अब एजेंसियां धड़ल्ले से अप्लाइड फॉर लिखकर नए वाहन बेच रहे हैं और वाहन खरीदने वाले अपनी सुविधा के हिसाब से उस पर कई दिनों या महीनों के बाद नंबर लगवा देते हैं। ऐसा किया जाना जहां पर ट्रांसपोर्ट विभाग के नियमों के खिलाफ है तो वहीं पर सुरक्षा के लिए भी चुनौती है। क्योंकि अगर किसी वाहन पर नंबर नहीं लिखा होगा तो उक्त वाहन की सुरक्षा एजेंसी को पहचान ही नहीं हो पाएगी। फिर चाहे उक्त वाहन में कोई आपराधिक गतिविधि वाला व्यक्ति वारदात को अंजाम दे जाए।*

### ट्रैफिक पुलिस भी नहीं करती कारवाई

*बिना नंबर लगे जो भी वाहन सड़कों पर दौड़ते हैं उन पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा कार्रवाई करना अनिवार्य रहता है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस भी अपनी आंखें मूंदे बैठी है और ऐसे वाहनों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जाती। इसके अलावा जो एजेंसियां बिना नंबर लगे वाहन बेचते है अगर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों द्वारा उक्त एजेंसियों को भी नोटिस दिया जाता है तब भी इस सिलसिले को रोका जा सकता है। अब ट्रांसपोर्ट विभाग और ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस बड़ी अनदेखी पर कोई भी कार्रवाई न करने का सीधे तौर पर एजेंसियां फायदा उठा रही हैं।*

### आखिर क्यूं लगाते है अप्लाइड फॉर


*कुछ लोग ऐसे होते हैं जो नए खरीदे जाने वाले वाहन पर फैंसी नंबर लगवाने के चाहवान होते हैं। ऐसे लोग जब एजेंसी से नए वाहन खरीदते हैं तो उनको अपना पसंददीदा नंबर नहीं मिलता। क्योंकि कई बार फैंसी नंबर या पसंद वाला नंबर लेने में कुछ दिनों का समय लग जाता है। ऐसे में वाहन बेचने वाली ऑटोमोबाइल एजेंसी के लोग उक्त ग्राहक को गाड़ी बेचने के लिए बिना नंबर लगाए ही उसको नया वाहन दे देते हैं और सड़क पर चलाने की अनुमति देते हैं। बाद में चालक उक्त वाहन पर बड़े-बड़े अक्षर में अप्लाइड फॉर अंकित कर खुद को वीआईपी मां सड़कों पर घूमते हैं।*

### टीसी सिर्फ एजेंसी के इस्तेमाल के लिए

*ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा अधिकृत हर ऑटोमोबाइल एजेंसी को ट्रेड सर्टिफिकेट नंबर दिए जाते हैं, जिसका रिकॉर्ड ट्रांसपोर्ट विभाग के पास भी मौजूद रहता है। उक्त ट्रेड सर्टिफिकेट नंबर को एजेंसी अपने निजी इस्तेमाल के लिए रखती है। विस्तार से बताएं तो ट्रेड सर्टिफिकेट को हर एजेंसी द्वारा उक्त वाहन पर लगाया जाता है जिसको वह अपने गोदाम से एजेंसी यां एजेंसी से गोदाम तक लेकर आते हैं। क्योंकि बिना नंबर लगे वाहन को सड़क पर चलने की अनुमति नहीं है। विभाग के ही लोगों की माने तो हर ऑटोमोबाइल एजेंसी को लगभग 10 ट्रेड सर्टिफिकेट नंबर दिए जाते हैं। यह नंबर एजेंसी के पक्के ही रहते हैं जिनको वह बार-बार इस्तेमाल कर सकते हैं।*

अतिक्रमण हटाने का ड्रामा, अब उसी से कमाई!

# चारों जोन को 10-10 लाख जुटाने का टारगेट तहबाजारी की पर्ची ले सड़क किनारे कारोबार







लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के नाम पर रेहड़ी-फड़ी वालों के खिलाफ अभियान चलाने वाला नगर निगम अब खुद अपने फैसलों से घिरता नजर आ रहा है। कुछ दिन पहले जिन रेहड़ी-फड़ी वालों को सड़कों और बाजारों से हटाया गया था, अब उन्हीं से तहबाजारी शुल्क लेकर दोबारा सड़क किनारे कारोबार करवाया जा रहा है।

निगम के इस यू-टर्न ने उसकी मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में चर्चा है कि अब प्राथमिकता अतिक्रमण हटाने की नहीं, बल्कि उससे राजस्व कमाने की बन गई है। सूत्रों के अनुसार 17 जुलाई को तहबाजारी विभाग की समीक्षा बैठक में निगम कमिश्नर ने शहर के चारों जोनों को 10-10 लाख रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य दिया। इसके बाद अधिकारियों को ऐसे स्थानों से भी तहबाजारी शुल्क वसूलने के निर्देश दिए गए, जहां पहले कभी निगम की कोई आय नहीं होती थी।

इसके चलते कई इलाकों में रेहड़ी-फड़ी वालों की पर्चियां काटकर उन्हें फिर से सड़क किनारे कारोबार करने की अनुमति दिए जाने की बातें सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि बिना छत वाली रेहड़ी से करीब 1500 रुपये और छत वाली रेहड़ी से 2500 रुपये तक तहबाजारी शुल्क वसूला जा रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि यदि सड़कों पर रेहड़ियां ट्रैफिक बाधित कर रही थीं और इसी आधार पर उन्हें हटाया गया था, तो अब शुल्क लेकर उसी व्यवस्था को फिर से क्यों बढ़ावा दिया जा रहा है? निगम की इस कार्यप्रणाली ने पूरे अतिक्रमण विरोधी अभियान की गंभीरता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर यदि रेहड़ियां हटाना जरूरी था तो उन्हें दोबारा लगाने की अनुमति क्यों दी जा रही है? और यदि उन्हें नियमित करना ही उद्देश्य था तो फिर पहले कार्रवाई का इतना बड़ा अभियान क्यों चलाया गया?

शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त सड़कों पर पहले से ही रेहड़ी-फड़ी के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क का बड़ा हिस्सा घिरने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है, जबकि फुटपाथों पर कब्जे के कारण पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरना पड़ता है।

# नौ लड़कियां लापता होने के मामले में प्रशासन सक्रिय, डीसी बोले- बरामद की होगी काउंसलिंग

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में 48 घंटे के भीतर 9 लड़कियों के लापता होने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं।



हिमांशु जैन

डिप्टी कमिश्नर (डीसी) हिमांशु जैन ने कहा कि अब तक बरामद हो चुकी लड़कियों की काउंसलिंग कराई जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने किन परिस्थितियों में घर छोड़ने जैसा कदम उठाया। डीसी ने बताया कि हाईकोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि सभी बच्चियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके परिवारों के सुपुर्द किया जाए। प्रशासन यह भी जांच करेगा कि कहीं किसी ने उन्हें बहला-फुसलाकर घर से बाहर तो नहीं निकाला या फिर इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

गौरतलब है कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 31 मई 2026 को प्रकाशित एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें लुधियाना से 48 घंटे के भीतर 9 लड़कियों के लापता होने की बात सामने आई थी। डीसी हिमांशु जैन के अनुसार, खुफिया इनपुट में एक लड़की के बिहार और दूसरी के तरनतारण में होने की जानकारी मिली है। दोनों को जल्द सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लड़कियां आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं और उनकी शिक्षा का स्तर भी कम है। वे साहनेवाल, सराभा नगर, डिवीजन नंबर-5 और जमालपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों की रहने वाली हैं।

प्रशासन के अनुसार कई लड़कियां बाद में स्वयं अपने घर लौट आईं। पुलिस ने अधिकांश बच्चियों को सुरक्षित बरामद कर लिया है, जबकि शेष दो लड़कियों की तलाश जारी है। डीसी ने कहा कि सभी मामलों की गहन जांच कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन : परमिंदर

दविंदर कुमार/मुल्लांपुर दाखा/ समर न्यूज़ | पंजाब यूथ कांग्रेस जिला लुधियाना देहाती के जनरल सचिव परमिंदर सिंह मुल्लापुर ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रहे छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है।



उन्होंने कहा कि छात्र अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं, वे न तो स्थायी नौकरी मांग रहे हैं और न ही सरकार से किसी प्रकार का मुआवजा। मुल्लापुर ने कहा कि ये पढ़े-लिखे परिवारों से संबंध रखने वाले विद्यार्थी हैं और उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार करना गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की आवाज दबाने के लिए सरकारी शक्ति का दुरुपयोग कर रही है।

# ढोलेवाल में प्रस्तावित शराब ठेके का लोगों ने किया जोरदार विरोध, खोखे में आग लगाने की कोशिश

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के ढोलेवाल स्थित गुरु अर्जुन देव नगर में प्रस्तावित शराब के ठेके का स्थानीय लोगों ने वीरवार को जोरदार विरोध किया। पार्षद सोहन सिंह गोगा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने ठेका खोलने के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जिस स्थान पर शराब का ठेका खोला जा रहा है, उसके आसपास घनी आबादी, मंदिर, डिस्पेंसरी और रिहायशी मकान मौजूद हैं। उनका आरोप है कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में शराब का ठेका खोलने से सामाजिक माहौल प्रभावित होगा और महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ेगी। लोगों ने प्रशासन से ठेके को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने कथित तौर पर ठेके के लिए तैयार किए गए खोखे में आग लगाने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया।

घटना में किसी प्रकार के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर माहौल शांत कराया। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और प्रशासन द्वारा ठेका स्थल को लेकर स्थानीय लोगों की आपत्तियों पर भी विचार किया जा रहा है।



# 100 ई-बसों के लिए तैयार हो रहा लुधियाना, दो डिपो का कमिश्नर ने किया निरीक्षण; तेजी के निर्देश



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में जल्द शुरू होने वाली ई-बस सेवा को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने हंबड़ा रोड और घोड़ा कॉलोनी में बन रहे ई-बस डिपो का निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को तय समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत लुधियाना को जल्द 100 इलेक्ट्रिक बसें मिलने की उम्मीद है। इनमें 30 बसों के लिए हंबड़ा रोड और 70 बसों के लिए घोड़ा कॉलोनी में डिपो तैयार किया जा रहा है। कमिश्नर ने दोनों परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए। घोड़ा कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने पुलिस विभाग और नगर निगम के तहबाजारी विंग को मौके पर रखा सामान हटवाने के लिए आपसी समन्वय करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में किसी तरह की रुकावट न आए।

जॉइंट कमिश्नर विनीत कुमार, एसई शाम लाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा कि ई-बस परियोजना शहर में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को नियमित रूप से काम की मॉनिटरिंग करने और निर्माण की गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए हैं।

ग्लाडा की नाक के नीचे 'शिव शक्ति विहार' में अवैध कॉलोनी का खेल! फील्ड अफसरों की चुप्पी पर सवाल, करोड़ों के राजस्व को चूना

# संगम पैलेस के पास धड़ल्ले से कट रहे प्लॉट, बन रहीं दो मंजिला दुकानें; स्थानीय लोगों का मिलीभगत का आरोप, मुख्य प्रशासक बोले- शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) के फील्ड अधिकारियों की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। हैबोवाल स्थित संगम पैलेस के पास विकसित हो रही 'शिव शक्ति विहार' में कथित तौर पर अवैध कॉलोनी काटने और बिना मंजूरी के निर्माण कार्य खुलेआम जारी है।

हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े स्तर पर निर्माण होने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई। मौके पर दो-दो मंजिला दुकानों और बहुमंजिला इमारतों का निर्माण तेजी से चल रहा है। सड़क पर निर्माण सामग्री, ईंटों के ढेर और शटरिंग साफ संकेत दे रहे हैं कि यहां काम लंबे समय से जारी है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर ग्लाडा के फील्ड अधिकारियों की नजर इस निर्माण पर क्यों नहीं पड़ी, या फिर सब कुछ उनकी जानकारी में ही हो रहा है।





### बिना नक्शा, बिना एनओसी, धड़ल्ले से निर्माण

*सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि जब किसी फील्ड अधिकारी से संबंधित कॉलोनियों के बारे में जानकारी मांगी जाती है तो जवाब अधिकारी की बजाय कॉलोनाइजर की ओर से मिल जाता है। इससे स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं विभागीय अधिकारियों और कॉलोनाइजरों के बीच सांठगांठ तो नहीं। यदि ऐसा है तो अवैध कॉलोनियों के जरिए सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है।*

### पूछो फील्ड अफसर से, जवाब देता है कॉलोनाइजर

*सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि जब किसी फील्ड अधिकारी से संबंधित कॉलोनियों के बारे में जानकारी मांगी जाती है तो जवाब अधिकारी की बजाय कॉलोनाइजर की ओर से मिल जाता है। इससे स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं विभागीय अधिकारियों और कॉलोनाइजरों के बीच सांठगांठ तो नहीं। यदि ऐसा है तो अवैध कॉलोनियों के जरिए सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है।*

### भू-माफिया बेखौफ, विभाग खामोश

*इलाके के लोगों का कहना है कि अवैध निर्माण कई दिनों से जारी है, लेकिन किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाने की कोशिश नहीं की। इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या भू-माफिया को विभागीय संरक्षण हासिल है या फिर जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं।*



*इस मामले में ग्लाडा के मुख्य प्रशासक विकास हीरा ने कहा कि, 'जो-जो अवैध कॉलोनियों की जानकारी मेरे संज्ञान में लाई जा रही है, उन सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।'*

श्रद्धा

कलश यात्रा और भजनों के बीच जैन स्थानक शिवपुरी में हुआ मंगलमय चातुर्मास प्रवेश

# जैन स्थानक शिवपुरी में महासाध्वियों का भव्य चातुर्मास प्रवेश, श्रद्धालुओं ने किया स्वागत





लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

संथारा साधिका उपप्रवर्तिनी महासाध्वी श्री स्वर्णकांता जी महाराज एवं उपप्रवर्तिनी महासाध्वी श्री राजकुमारी जी महाराज की सुशिष्याओं- शांतमुद्रा महासाध्वी श्री सुब्रता जी महाराज, प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी डॉ. श्री प्रवीण जी महाराज तथा मधुर गायिका साध्वी श्री हितांशी जी महाराज ठाणा-3 का चातुर्मास हेतु जैन स्थानक शिवपुरी में मंगलमय भव्य प्रवेश हुआ। इस अवसर पर श्रुत भारती पंजाब सिंहनी महासाध्वी श्री स्वाति जी महाराज साहिब ठाणा-7 भी विशेष रूप से पधारे। शोभायात्रा शिवपुरी स्थित टोमरी बाबा श्री धर्मदास जी से आरंभ हुई। श्राविकाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया, जबकि अनिल बादल एंड पार्टी ने भजनों और गुणगान से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा जैन स्थानक शिवपुरी पहुंची, जहां विभिन्न संस्थाओं ने मंच लगाकर महासाध्वियों का स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन स्थानक पहुंचने पर शोभायात्रा धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। एस.एस. जैन सभा शिवपुरी के महामंत्री राजीव जैन ने चातुर्मास प्रवेश पर बधाई दी, जबकि प्रधान विनीत जैन ने इसे समाज के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताया। वर्धमान जैन युवती संघ और जैन युवती संघ की सदस्याओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। शोभायात्रा की व्यवस्था वर्धमान जैन युवक संघ और जैन मिलन संघ ने संभाली। धर्मसभा को संबोधित करते हुए महासाध्वी डॉ. श्री प्रवीण जी महाराज ने चातुर्मास का महत्व बताते हुए धर्म-ध्यान, जप और तप के लिए प्रेरित किया।

महासाध्वी श्री स्वाति जी महाराज ने मंगल शुभकामनाएं दीं, जबकि साध्वी श्री हितांशी जी महाराज ने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सभा का समापन महासाध्वी श्री सुब्रता जी महाराज के मंगलपाठ के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जैन सभाओं, युवक-युवती संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। एसएस जैन सभा शिवपुरी के प्रधान विनीत जैन और महामंत्री राजीव जैन ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# 11 ईंटें रखकर किया शुभारंभ, संयुक्त रूप से रखा नींव पत्थर



दविंदर कुमार | मुल्लांपुर दाखा
समर न्यूज़

डेरा बाबा भाई मस्सा जी सिद्ध पीठ श्री लाल बाला जी हनुमान मंदिर में नए हॉल निर्माण कार्य के लिए विधिवत नींव पत्थर रखा गया।

डेरा के मुख्य सेवादार स्वामी अमरेश्वर दास जी ने बताया कि यह डेरा सदियों पुराना धार्मिक स्थल माना जाता है और क्षेत्र में बाबा भाई मस्सा जी तथा सिद्ध पीठ श्री लाल बाला जी के नाम से विशेष आस्था का केंद्र है। हर मंगलवार बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां माथा टेकने पहुंचते हैं।

नई इमारत के निर्माण कार्य की शुरुआत 11 ईंटें रखकर की गई और स्वामी अमरेश्वर दास जी द्वारा विशेष दीवान सजाए गए। सरपंच जगदीप सिंह सोनू पुड़ैण, ग्राम पंचायत, प्रबंधक कमेटी और क्षेत्र की संगतों ने संयुक्त रूप से हॉल निर्माण का नींव पत्थर रखा। कार्यक्रम के बाद स्वामी अमरेश्वर दास जी ने उपस्थित संगत का धन्यवाद किया। इस मौके पर सरपंच हेमराज सिंगला, प्रेम सिंह बोपाराए, पंच सुखविंदर सिंह, मनजीत सिंह, बादल जैन, बलविंदर सिंह बाठ, जोगिंदर सिंह पुड़ैण, रंजीत सिंह, सुरेश कुमार गोयल, आकाश जैन, रिशी शर्मा, सतनाम सिंह, धर्म सिंह, बलदेव सिंह, तनवीर सिंह, इंद्रजीत सिंह, जर्नैल सिंह, एडवोकेट दरबारा सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सेवादार उपस्थित रहे।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155